	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
	श्रावण 9, शुक्रवार, शाके 1942–जुलाई 31, 2020 *Sravana 9, Friday, Saka 1942–July 31, 2020*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

जल संसाधन विभाग

विज्ञप्ति

जयपुर, जुलाई 10, 2020

संख्या: 62/भू.अ./ज.सं./2016/852-856:- राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक प्रयोजनार्थ ग्राम चांदनोली में बन्जारी का टीला चांदनोली माईक्रो सिंचाई परियोजना के बांध निर्माण हेतु, भूमि अवाप्ति के संबंध में भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 7 के तहत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का मूल्यांकन दिनांक 07.02.2019 को किया गया।

मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देशानुसार भूमि अवाप्ति सम्बन्धि प्रकरणों की सक्षमता में परिवर्तन हेतु पत्रावली विधी विभाग एवं राजस्व विभाग में विचाराधीन होने से अधिनियम की धारा 11-12 के तहत विज्ञप्ति निश्चित समय सीमा (12 माह) में जारी नही होने के कारण उक्त अधिनियम की धारा 14 के प्रावधानुसार धारा-7 के तहत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट के मूल्यांकन की समय सीमा 12 माह दिनांक 06.02.2020 से बढाकर 06.02.2021 की जाती है।

जितेन्द्र दीक्षित
उप सचिव एवं प्रावै. सहा.
वास्ते मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन
राजस्थान जयपुर।

3877

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।